भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1719
दिनांक 03 अगस्त, 2026

उच्च ऑक्टेन ईंधन के उपयोग में वृद्धि

1719# **श्री नीरज डांगी:**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि ई20 पेट्रोल अब पूरे देश में डिफ़ॉल्ट ईंधन बन गया है, क्योंकि बढ़ती संख्या में वाहन चालक इस चिंता के कारण कि ई20 माइलेज और इंजन के प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है, उच्च ऑक्टेन पेट्रोल का विकल्प चुन रहे हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पिछले एक वर्ष के दौरान प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, यदि हाँ, तो पिछले 12 महीनों में हुई मूल्यवृद्धि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा प्रतिमाह कितनी मात्रा में एथेनॉल खरीदा जा रहा है और साथ ही, खरीदार कंपनियों तथा आपूर्तिकर्ताओं के नाम सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) एवं (ख): तेल कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे 1 अप्रैल, 2026 से पूरे देश में 20 प्रतिशत तक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचें, जिसका न्यूनतम अनुसंधान ऑक्टेन नंबर (आरओएन) 95 हो। एथेनॉल का उच्च ऑक्टेन नंबर आधुनिक उच्च-संपीडन इंजनों के लिए उपयुक्त है और इसकी उच्च वाष्पीकरण ऊष्मा दहन दक्षता में सुधार करती है। प्रीमियम ईंधन विशिष्ट उत्पाद हैं जो सीमित मात्रा में और काफी अधिक कीमत पर बेचे जाते हैं, क्योंकि इनमें विशेष प्रदर्शन-वर्धक योजक तत्व होते हैं। ये अलग से राष्ट्रव्यापी आधार ईंधन धाराएँ नहीं हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने सूचित किया है कि 100 ऑक्टेन वाला प्रीमियम श्रेणी का पेट्रोल, अर्थात् इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) का एक्सपी100, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का पावर100 और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का स्पीड100 है। देश भर में, ओएमसीज एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत 20% तक एथेनॉल युक्त एथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल का विपणन करती हैं और प्रीमियम ईंधन की बिक्री कुल पेट्रोल बिक्री के 0.5% से भी कम है।

(ग): पेट्रोलियम मूल्य निर्धारण एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने सूचित किया है कि दिल्ली बाजार में ई20 ईंधन का खुदरा विक्रय मूल्य (आरएसपी) दिनांक 01.07.2025 से 94.77 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर दिनांक 30.06.2026 को 102.12 रुपए प्रति लीटर हो गया है, जिसमें 7.35 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, इसी अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज के प्रीमियम पेट्रोल की कीमत निम्नानुसार है:

सभी कीमतें रुपए प्रति लीटर में हैं

तारीख	**आईओसी**	**बीपीसी**	**एचपीसी**
ब्रांड का नाम	**एक्सपी 100**	**स्पीड 100**	**पावर100**
01.07.2025	160.00	उपलब्ध नहीं है	160.00

30.06.2026	167.35	169.00	167.40
अंतर	**7.35**	**लागू नहीं**	**7.40**

हाल ही में पश्चिम एशिया में आए संकट के दौरान, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद, भारत ने सुनियोजित सरकारी हस्तक्षेपों, विविध स्रोतों और घरेलू स्तर पर उत्पादित जैव ईंधन के बढ़ते योगदान के माध्यम से उपभोक्ताओं को सुरक्षित रखने में कामयाबी हासिल की। फरवरी 2026 से, वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 70-80% की वृद्धि के बावजूद, घरेलू ईंधन की कीमतों में केवल 7-8% की वृद्धि हुई।

तदनुसार, आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले एक वर्ष में प्रीमियम पेट्रोल की खुदरा कीमत में हुई वृद्धि दिल्ली बाजार में ई20 ईंधन की खुदरा कीमत में हुई वृद्धि के बराबर है, जिससे यह संकेत मिलता है कि दोनों की कीमतों में हुई वृद्धि में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं है।

(घ) सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज ने सूचित किया है कि वे केवल अपने पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से ही एथेनॉल की अधिप्राप्ति करती हैं। चालू एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसआई) 2025-26 के लिए एथेनॉल अधिप्राप्त निविदा में लगभग 378 विक्रेताओं को लगभग 1048.5 करोड़ लीटर एथेनॉल का आवंटन प्राप्त हुआ। सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), मैंगलोर रिफाइनरीज एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) और नुमालीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड (एनआरएल)) द्वारा चालू ईएसआई के दौरान 1 नवंबर 2025 से 30 जून 2026 तक अधिप्राप्त एथेनॉल की मात्रा 717.3 करोड़ लीटर है। एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत उनकी माहवार एथेनॉल अधिप्राप्ति का विवरण नीचे सारणीबद्ध है:

ईएसवाई 2025-26 का महीना	**पीएसयू तेल कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से अधिप्राप्त तेल की मात्रा (करोड़ लीटर में)**
नवंबर 2025	46.1
दिसंबर 2025	101.8
जनवरी 2026	91.7
फरवरी 2026	88.4
मार्च 2026	96.0
अप्रैल 2026	89.6
मई 2026	103.1
जून 2026	100.6
कुल (ईएसई 2025-26)	**717.3**

*****